दिनांक 18.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

उड़न दस्ता की टीम ने बांसी मिठाई बेचने वाले प्रतिष्ठान पर की कार्रवाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई की उड़नदस्ता टीम ने आयुक्त के निर्देश पर डिस्पोजल, गिलास, पानी पाउच, पर बड़ी कार्यवाही कर रही है। जिसमें जोन 01 नेहरु नगर के अतंर्गत पर्यावरण को नुकसान पहूंचाने वाले धुआं काफी मात्रा फैलाने वाले , प्रतिष्ठानों के सामने वाहनों को बेतरतीब रखने वाले , एवं प्रतिष्ठान से खराब हो चुके मिठाई को भी जब्त किया गया और विनिष्टीकरण की गई जिसके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आज कुल 24 हजार रुपये अर्थदण्ड वसूला गया।

उड़नदस्ता टीम ने गंदगी फैलाने वाले होटल, रेस्टोरेंट, रोड बाधा, दुकानदार, लायसेंस नहीं रखने वाले व्यवसायियों, अवैध रुप से व्यवसाय करने वाले , प्रतिबंधित प्लास्टिक/डिस्पोजल, कैरीबैग रखने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की । सालिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं पर्यावरण संरक्षण संशोधन अधिनियम 2019 के तहत् आज 12 प्रतिष्ठानों से लगभग 24000.00 रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है साथ ही उन्हे चेतावनी दी गई।

जनसम्पर्क अधिकारी